# अध्याय – 6

## किसान और काश्तकार

**याद रखने योग्य बातें :–**

1. 1850 इंग्लैंड में कैप्टन स्विंग वाले दंगे लगातार दो सालों तक चले।
   (गरीब मज़दूरों ने अमीर काश्तकारों की मशीनें तोड़ीं)
2. **कैप्टन स्विंग**:– एक मिथकीय नाम था।
3. **कॉमन्स** :– भूमि जिस पर सारे ग्रामीणों का अधिकार होता था।
4. 18वीं शताब्दी के अंत तक इंग्लैंड सरकार के हुक्म से बड़े भूस्वामियों ने सांझा भूमि की (कॉमन्स) बाड़ा बंदी शुरू कर दी।
5. **बाड़ा बंदी** :– खेतों के चारों तरफ बाड़ बांधना।
6. 16वीं शताब्दी में बाड़ाबंदी का उद्देश्य भेड़ पालन था।
7. 18वीं शताब्दी के आखिरी सालों में इसका उद्देश्य अनाज उत्पादन में वृद्धि हो गया।
8. नेपोलियन युद्ध के दौरान खाद्यान्नों के दाम ऊँचे होने के कारण कृषकों ने अपना उत्पादन बढ़ाया।
9. मजदूरों की कमी को पूरा करने के लिए थ्रेशिंग मशीनों का उपयोग किया?
10. **रोटी की टोकरी** :– अमरीका संसार की रोटी की टोकरी बनकर सामने आया।
11. 1800 के पश्चात सरकार ने औपचारिक नीति बनाकर अमरीकी इंडियनों को मिसिसिपी नदी के पार खदेड़ना शुरू किया।
12. मूल निवासियों की जगह प्रवासी अपलेशियन पठार में बस गऐ।
13. 1820 से 1850 के मध्य वहाँ वनों को काटकर खेत और घर बना लिए गए।
14. रूसी गेहूँ पर प्रतिबंध लगने से यूरोप अमरीका पर ही निर्भर था।
15. अमरीका के राष्ट्रपति विल्सन ने कहा –

**'खूब गेहूँ उपजाओ। गेहूँ ही हमें जंग जिताएगा।**

16. खेती के लिए नए औजार और नई तकनीक शुरू की।
17. विस्तृत मैदानो में खेती से अनेक समस्याएँ उत्पन्न हुई।
18. 1930 के दशक में दक्षिण के मैदानों में रेतीले तूफान आने लगे।
19. भारत में अफ़ीम की खेती का संबंध ब्रिटेन और चीन के पारस्परिक व्यापार से जुड़ा है।
20. इंग्लैंड चीन से चाय का व्यापार करता था परंतु इंग्लैंड के पास ऐसी कोई वस्तु नहीं थी जिसे वे आसानी के साथ चीन के बाज़ार में बेच सके।
21. चाय के बदले इंग्लैंड के व्यापारियों को चाँदी के सिक्के देने पड़ते थे। जिससे ख़जाना खाली हो रहा था।
22. अफ़ीम चीन में बेचे जाने के लिए अच्छा विकल्प था जिसका उपयोग औषधि के रूप में किया जाता था।
23. अंग्रेजों द्वारा गरीब किसानों की अग्रिम रकम देकर अफ़ीम पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।
24. किसानों को अफ़ीम की खेती से बहुत हानि होती थी।

**1 अंक वाले प्रश्न :–**

1. 16वीं शताब्दी में इंग्लैंड में बाड़ाबंदी किस ने शुरू की?
2. किन मशीनों के आने से भूस्वामियों की मज़दूरों पर निर्भरता कम हो गई?
3. तोड़ी गई थ्रेशिंग मशीनों की संख्या कितनी थी?
4. कैप्टन स्विंग के नाम से होने वाले दंगे इंग्लैंड में क्यों प्रारम्भ हुए?
5. इंग्लैंड में जमीदारों को लिखे गए खतों पर किसके हस्ताक्षर होते थे?
6. 1660 के दशक में भूमि में नाइट्रोजन की मात्रा अधिक करने के लिए किसान कौन–कौन सी फ़सलें उगाते थे?
7. 18वीं शताब्दी की बाड़ा–बंदी 16वीं शताब्दी की बाड़ा–बंदी से कैसे भिन्न है?
8. अपलेशियन पठार में कौन लोग बस गए?

9. विश्व की रोटी की टोकरी किसे कहा जाता है?

10. पैकार कौन थे?

11. किसने कहा ''खूब गेहूँ उपजाओ गेहूँ ही हमें जंग जितवाएगा''?

12. गेहूँ के लिए यूरोप अमरीका पर ही क्यों निर्भर हो गया?

13. 19वीं सदी के आरंभ में, भारत की दो प्रमुख वाणिज्यिक फसलें कौन सी थी?

**3/5 अंक वाले प्रश्न :—**

1. गरीब किसानों के जीवन में कॉमन्स का क्या महत्व था? विस्तार से लिखिए?

2. अठारहवीं शताब्दी के अंत तथा 19वीं शताब्दी के प्रारंभ में इंग्लैंड के ग्रामीण इलाकों में परिवर्तन कैसे आए?

3. 18वीं शताब्दी में इंग्लैंड में खाद्यान्नो की मांग क्यों बढ़ गई?

4. बींसवीं सदी के प्रारम्भ में अमेरीका संभावनाओं से भरा क्यों दिखता था?

5. अमरीका के श्वेत प्रवासियों का पंश्चिम की ओर प्रसार कब तथा कैसे हुआ?

6. 1820 के दशक तक ब्रिटिश क्षेत्रों में अफ़ीम का उत्पादन कम क्यों हो गया? जबकि ब्रिटिश क्षेत्रों से बाहर के इलाकों में उत्पादन बढ़ा?

7. इंग्लैंड में सम्पन्न किसानों द्वारा थ्रेशिंग मशीनों का प्रयोग क्यों शुरू किया गया? और गरीबों ने इसका विरोध क्यों किया?

8. चीन के साथ चाय के व्यापार से संबंधित भुगतान की समस्या को ईस्ट इंडिया कंपनी ने कैसे हल किया?

9. भारतीय किसान अफ़ीम की खेती के लिए तैयार क्यों नहीं थे?

10. रेतीले तूफ़ानो के आने के कारण क्या थे? तथा उनसे क्या हानियाँ होती थीं?

11. अंग्रेजों ने भारतीय किसानों को अफीम की खेती के लिए कैसे मनाया?

12. 'कैप्टेन स्विंग' कौन था? वह किसानों को धमकी भरे पत्र क्यों लिखता था?

# उत्तर माला

**1 अंक वाले उत्तर :–**

1. धनी किसानों ने।
2. थ्रेशिंग मशीनों के।
3. 387 मशीनें तोड़ी गई।
4. क्योंकि अमीर किसानों ने थ्रेशिंग मशीनें खरीदनी शुरू कर दी थी। जिससे श्रमिकों में बेरोज़गारी की स्थिति पैदा हो गई।
5. खतों पर एक काल्पनिक हीरो कैप्टन स्विंग के हस्ताक्षर होते थे।
6. भूमी की उर्वरता बढ़ाने के लिए शलजम और तिपतिया घास उगाते थे?
7. 16वीं शताब्दी की बाड़ाबंदी में भेड़ों को पाला जाता था। लेकिन 18वीं शताब्दी में उनमें अनाज उगाया जाने लगा।
8. प्रवासी अपलेशियन पठार में बस गए।
9. अमेरीका को।
10. घुमंतू व्यापारी।
11. अमेरीका के राष्ट्रपति विल्सन ने।
12. क्योंकि रूसी गेहूँ पर प्रतिबन्ध लग गया था।
13. नील व अफ़ीम

**3 / 5 अंक वाले उत्तर :–**

1. 1) कॉमन्स की ज़मीन साझा होती थी। कोई भी किसान वहां खेती कर सकता था
   2) इस पर लोग अपने मवेशी चराते थे।
   3) जलावन की लकड़ियाँ इकट्ठी करते थे।
   4) खाने के लिए कंदमूल फल इकट्ठा करते थे।
   5) वन में शिकार खेलते तथा तालतलैयों से मछलियाँ पकड़ते।
   6) यह ज़मीन उनके जिंदा रहने का साधन थी।

2.

1) 18वीं शताब्दी के अंतिम दशकों तथा 19वीं शताब्दी के आरंभिक वर्षों में बाड़ाबंदी आंदोलन शुरू हुआ।

2) अधिक तर लोग शहरी क्षेत्रों में जाकर काम करने लगे।

3) थ्रेशिंग मशीन के प्रयोग ने ज़मीन पर काम करने वाले मज़दूरों को बेरोज़गार कर दिया।

3.

1) इंग्लैंड की आबादी 1750 में 1900 के बीच बहुत तेज़ी से बढ़ी। अतः बढ़ती हुई आबादी के लिए अनाज की माँग में वृद्धि स्वाभाविक थी।

2) फ्रांस का ब्रिटेन के साथ युद्ध शुरू हुआ। इस युद्ध ने यूरोप से व्यापार तथा अनाजों के आयात को अवरूद्ध कर दिया।

3) उन्नत कृषि तकनीक से अनाजों के उत्पादन में वृद्धि हुई।

4.

1) अमेरिका संभावनाओं की भूमि इसलिए दिखता था। क्योंकि वहाँ के बियाबानों को कृषि योग्य भूमि में बदला जा सकता था।

2) उन्नत किस्म की इमारती लकड़ी हासिल की जा सकती थी।

3) जानवरों की खाल, सोने, चांदी की खानों आदि से निर्यात किया जा सकता था।

5.

1) अमेरीकी सरकार ने अमेरीकी इंडियनों को पश्चिम की ओर धकेलने की नीति का अनुपालन करने की ठान ली थी।

2) नेपोलियन के युद्ध के समय अमेरिकी इंडियनों का नरसंहार हुआ।

3) 1800 के बाद के दशकों में सरकार ने मिसीसिप्पी नदी के पास खदेड़ना शुरू किया। तथा उनके कई गांव भी जला दिए।

4) अमेरीकी इंडियनों ने विरोध किया तथा कई लड़ाईयाँ भी जीती लेकिन अंततः वे समझौते तथा संधियाँ करने को बाध्य हुए। तथा उन्हें अपनी भूमि को छोड़कर पश्चिम की ओर जाना पड़ा।

5) श्वेत प्रवासियों द्वारा अमेरीकी इंडियनों पर अत्याचार के कारण वह पश्चिम की ओर चले गए।

**3 / 5 अंक वाले उत्तर :–**

6.

1) मध्य भारत और राजस्थान जैसे गैर ब्रिटिश क्षेत्रों में अफ़ीम का उत्पादन लगातार हो रहा था।

2) इन इलाकों में यह व्यपारी सशत्र दल बल के साथ व्यापार करते थे। अंग्रेजों की दृष्टि में यह अवैध था। वे इसे तस्करी मानते थे। और इस पर रोक लगाना चाहते थे।

3) सरकार ने अफ़ीम पर अपना आधिपत्य रखने के लिए अपने एजेंटो को इन व्यापारियों की अफ़ीम ज़ब्त करने और फसलों को नष्ट करने का आदेश दिया।

7.

1) अनाजों का उत्पादन बढ़ाने के लिए अमीर किसानों ने थ्रेशिंग मशीन का उपयोग करना शुरू किया।

2) नेपोलियन कालीन युद्धों के कारण अनाज की कीमत में उछाल आया।

3) श्रमिकों की कमी के कारण किसानों ने मशीनों का उपयोग शुरू किया।

4) ग़रीबों के लिए मशीन बुरे वक्त की शुरूआत की निशानी बन गई।

5) श्रमिकों को रोज़गार खोने का डर सताने लगा। उन्हें अपने जीवन में हर तरफ़ अनिश्चिता दिखने लगी। अतः उन्होने मशीनों का विरोध किया।

8.

1) 18वीं शताब्दी में ईस्ट इंडिया कंपनी चीन से चाय और रेशम खरीदकर इंग्लैंड में बेचा करती थी।

2) चाय की लोकप्रियता बढ़ने से ये व्यापार महत्वपूर्ण हो गया।

3) उस समय इंग्लैंड में ऐसी किसी वस्तु का उत्पादन नहीं होता था जिसे चीन के बाज़ार में आसानी से बेचा जा सके।

4) व्यापारियों को चाय के बदले चाँदी के सिक्के देने पड़ते थे।

5) जिस की वजह से सरकारी खजाना खाली हो जाता।

6) चाँदी के विकल्प की जगह उन्हें ऐसी वस्तु की तलाश थी जिसे चीन के बाजार में बेचा जा सके।

7) अफीम ऐसा ही उत्पाद था। इसलिए पश्चिम के व्यापारियों ने अवैध रूप से अफीम का उत्पाद शुरू कर दिया।

9.

1) किसानों को गाँव के पास वाली उर्वर जमीन जिस पर वे दाल बोया करते थे। उसी जमीन पर उन्हें अफीम बोनी पड़ती थी। अगर वह इस जमीन पर अफीम उगाते तो उनहें खराब जमीन पर दाल बोनी पड़ती थी।

2) बहुत सारे किसानों के पास अपनी जमीन नहीं थी। अफीम की खेती के लिए ऐसे किसानों को भूस्वामियों को लगान देना पड़ता था।

3) किसान भूस्वामियों से बटाई पर ली गई जमीन पर अफीम उगाते थे। गांव के पास की जमीन की लगान दर बहुत ऊँची थी।

4) अफीम की खेती बहुत मुश्किल होती थी। अफीम के नाजुक पौधे को जिंदा रखना बहुत मेहनत का काम था।

5) सरकार अफ़ीम बोने के बदले किसानों को बहुत कम दाम देती थी। किसानो के लिए सरकारी मूल्य पर अफ़ीम पैदा करना घाटे का सौदा था।

10.

1) 1930 के दशक में पड़ने वाला सूखा, बारिश न होने की वजह से तापमान का बढ़ना तथा ज़मीन की ऊपरी परत का काफ़ी हद तक टूट जाना।

2) ज़मीन के हिस्सों को वनों और घास से साफ कर देना तथा ज़मीन के विशाल हिस्से पर लगातार कई वर्षों तक खेती करना। तथा जमीन को गेहूँ की खेती के लिए साफ़ करने से ही असंतुलन पैदा हुआ। जिससे रेतीले तूफ़ान आए।

3) यह तूफ़ान शहरों और घरों को घेर लेते थे अँधेरा छा जाता था।

4) खेत रेत से पट जाते थे तथा फ़ेफड़ों में रेत भरने से पशु मर जाते थे।

5) नदी की सतह पर रेत जमने से मछलिया साँस नहीं ले पाती थी मर जाती थी तथा मशीने रेत में धंस जाती थी। चारों तरफ़ पशुओं की हड्डियाँ बिखरी दिखाई देती थी।

11. 1) किसानों को अफीम की खेती के लिए अग्रिम रकम दी जाती थी।

2) तत्कालीन किसानों ने अपने आर्थिक संकट के कारण इसे सहर्ष स्वीकार किया।


3) एक बार ऋण लेने के बाद किसान अफीम बोने से मुकर नहीं सकते थे तथा उन्हें एक निश्चित क्षेत्रफल में अफीम बोनी ही पड़ती थी।

4) एक बार ऋण लेते ही किसान गांव के प्रधान और सरकार के बंधुआ हो जाते थे।


12. 1) कैप्टेन स्विंग एक मिथकीय नाम था।

2) वह धमकी भरे पत्रों के द्वारा धनी किसानों को थ्रेसिंग मशीनों का इस्तेमाल बंद करने की सलाह देता था।

3) थ्रेसिंग मशीनों के कारण मेहनतकशों की रोज़ी छिन गई थी।




1775 से 1920 के बीच श्वेत अप्रवासियों का पश्चिम की ओर प्रसार




*6 : 1920 में अमेरिका के खेतिहर क्षेत्रों की स्थिति.*

*के दशाक में प्रकाशित बेकर की पुस्तक इकनॉमिक ज्यॉग्रफी में संकलित लेखों के आधार पर।*